दिन– रविवार दिनांक– 14 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम में बिहार को पैंतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

02. सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा– वेव्स ओटीटी को भविष्य में देश के एक वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जायेगा।

03. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, औरंगबाद, भागलपुर, रोहतास, किशनगंज और सीतामढ़ी सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई।

04. और, एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में अब से थोड़ी देर बाद भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। आकाशवाणी से मैच का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम में बिहार को पैंतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी इस दौरान विमान, रेलवे, कृषि और बुनियादी ढांचे से संबंधित कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे । और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी कोसी–मेची अंतरराज्यीय नदी जोड़ परियोजना के पहले चरण का भी शिलान्यास करेंगे, जिसकी लागत दो हजार छह सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक है। इस परियोजना के तहत नहर उन्नयन, गाद की सफाई, क्षतिग्रस्त संरचनाओं का पुनर्निमाण और डिस्चार्ज क्षमता को पन्द्रह हजार से बढ़ाकर बीस हजार क्यूसेक तक करने की योजना है। इससे उत्तर–पूर्वी बिहार के कई जिलों में सिंचाई क्षमता का विस्तार होगा। इसके साथ ही बाढ़ नियंत्रण और कृषि क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। श्री मोदी बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का शुभारंभ करेंगे।

यह बोर्ड उत्पादन और नई तकनीक के विकास को बढ़ावा देगा। उल्लेखनीय है कि देश के कुल मखाना उत्पादन में बिहार लगभग नब्बे प्रतिशत का योगदान करता है। ऊर्जा क्षेत्र में प्रधानमंत्री भागलपुर के पीरपैंती में दो हजार चार सौ मेगावाट की थर्मल पावर परियोजना का शिलान्यास करेंगे। अल्ट्रा–सुपर क्रिटिकल, लो–इमीशन तकनीक पर आधारित यह पावर प्लांट बिहार का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का निवेश होगा, जिसकी लागत पच्चीस हजार करोड़ रुपये है। यह परियोजना राज्य को समर्पित बिजली उपलब्ध कराएगी और बिहार की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएगी। रेलवे क्षेत्र में प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएँगे। श्री मोदी जोगबनी–दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे, जिससे अररिया, पुर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, वैशाली और पटना जिलों को सीधा लाभ होगा। प्रधानमंत्री दो अमृत भारत एक्सप्रेस रेल गाड़ियों के परिचालन की भी शुरुआत करेंगे। ये रेलगाड़ियां सहरसा से अमृतसर और जोगबनी से तमिलनाडु के ईरोड के बीच चलाई जाएँगी।

श्री मोदी बिक्रमशिला–कटारिया रेल लाइन का शिलान्यास करेंगे जिसकी लागत दो हजार एक सौ सत्तर करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री अररिया–गलगलिया नई रेल लाइन का भी उद्घाटन करेंगे जिसकी लागत चार हजार चार सौ दस करोड़ रुपये है। यह अररिया और किशनगंज जिलों को जोड़कर सीमांचल क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री पूर्णिया में सेक्स सॉर्टेड सीमेन सुविधा का भी उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी अपने दौरे के क्रम में पीएम आवास योजना– ग्रामीण के पैंतीस हजार लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से घर की चाभी भी सौपेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

———बाइट———

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा है कि वेव्स ओटीटी एक अनूठा मंच है, जिसे आने वाले समय में देश के एक वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जायेगा। पटना में आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री जाजू ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर दूरदर्शन, आकाशवाणी के लाइव चैनल के साथ ही प्रकाशन विभाग की पत्रिकाएं भी उपलब्ध हैं।

———बाईट———

अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के पहले दिन श्री जाजू ने आज पटना में दूरदर्शन केन्द्र में मंत्रालय की सभी मीडिया इकाइयों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्हें सभी इकाईयों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं को प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिये। इसके बाद श्री जाजू ने आकाशवाणी पटना और दूरदर्शन बिहार का निरीक्षण भी किया।

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर अगले साल होने वाले चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। राज्य के पटना, दरभंगा और तिरहुत के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र तथा कोसी के स्नातक और सारण के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया तीस सितम्बर से शुरू होगी। इन क्षेत्रों से वर्तमान में परिषद के सदस्य नीरज कुमार, सर्वेश कुमार, बंशीधर ब्रजवासी, डॉक्टर एन. के. यादव, नवल किशोर यादव, डॉक्टर मदन मोहन झा, संजय कुमार सिंह और आफाक अहमद का कार्यकाल अगले साल सोलह नवंबर को समाप्त हो रहा है।

———————————————————————————

आज हिंदी दिवस है। आज हिंदी दुनिया की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और बावन करोड़ से ज्यादा लोगों की पहली भाषा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह देश की पहचान और मूल्यों की जीवंत विरासत है। श्री मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे हिंदी

सहित सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाएं और इन्हें भावी पीढ़ियों तक पहुँचाने का संकल्प लें। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को शुभकामनाएं दी है। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

वर्ष 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। आइये सुनते हैं ये विशेष रिपोर्ट–

———बाइट———

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के मिटै न हिय के सूल। हिंदी भाषा साहित्य के पितामह कहे जाने वाले भारतेंदु बाबू हरिश्चंद्र ने खड़ी बोली यानी हिंदी को लोगों तक पहुंचाने के लिए इन शब्दों का प्रयोग किया था। आज हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा साहित्य की इन कृतियों का स्मरण करके हम हिंदी के प्रति और सजग रहने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। आज समय के साथ तकनीक से कदमताल करती हिंदी मजबूत होती जा रही है। यही कारण है कि सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी भी हिंदी को महत्व दे रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि राष्ट्भाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। ह्रदय की कोई भाषा नहीं है, ह्रदय–ह्रदय से बातचीत करता है और हिंदी ह्रदय की भाषा है। महान कवि मैथलीशरण गुप्त का मानना था–

कहीं अकेला भी हूँगा मैं तो भी सोच न लाऊंगा,
अपनी भाषा में अपनों के गीत वहाँ भी गाऊंगा।।
मुझे एक संगिनी वहां भी अनायास मिल जावेगी,
मेरा साथ प्रतिध्वनि देगी कली कली खिल जावेगी ।।

हिंदी के महत्व को समझते हुए 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड से अधिक लोगों की पहली भाषा है। इस अवसर पर हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए आज जगह–जगह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।

———————————————————————————

गृहमंत्री अमित शाह ने हिंदी को और आसान बनाने तथा इसके साथ क्षेत्रीय भाषाओं के सह–अस्तित्व को बढ़ावा देने की अपील की है। आज गुजरात के गांधीनगर में हिंदी दिवस और पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में श्री शाह ने लोगों से मातृभाषा का सम्मान करते हुए हिंदी का समर्थन करने का आह्वान किया।

———बाइट———

मैं सभी को आग्रह करना चाहता हूं कि अपनी मातृभाषा को बल दीजिए। मित्रों, यदि संस्कृत ने हमें ज्ञान की गंगा दी है तो हिंदी ने वह ज्ञान को घर–घर तक जन–जन तक पहुंचा है और हर व्यक्ति तक वह ज्ञान हमारी स्थानीय भाषाओं में पहुंचा है। प्रधानमंत्री जी ने कई प्रकार की तकनीक के माध्यम से हमारे स्थानीय की भाषाओं को बल देने का काम किया है।

———————————————————————————

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानो पर खराब गुणवत्ता के खाद्यान्न की आपूर्ति के मामले में कार्रवाई करते हुए राज्य खाद्य निगम के छह सहायक प्रबंधकों और छह गुणवत्ता नियंत्रकों को निलंबित कर दिया है। विभागीय मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि विभाग पूरे राज्य में जीरो ऑफिस डे अभियान के तहत पीडीएस दुकानों का निरीक्षण कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लाभुकों को सही समय पर सही वजन और गुणवत्ता का खाद्यान्न उपलब्ध कराना है।

———————————————————————————

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में अब से थोड़ी देर बाद आठ बजे भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। इस वर्ष फरवरी के बाद दोनों टीमें पहली बार आमने–सामने होंगी। आकाशवाणी पटना से इस मैच का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

———बाइट ———

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारतीय टीम आज एशिया कप में चिर–प्रतिद्वंदि पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। दोनों टीमें अपना पहला मैच जीत चुकी हैं। पाकिस्तान अभी फॉर्म की तलाश में है, जबकि भारत विस्फोटक बल्लेबाजी और विश्वस्तरीय गेंदबाजी आक्रमण में शीर्ष स्थान पर है। भारतीय टीम में शुभमन गिल, सूर्यकुमार, अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाज हैं। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहें हैं। वहीं कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर टीम में मौजूद हैं। भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक मजबूत दिख रही है। बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़वान की अनुपस्थिति में पाकिस्तान की बल्लेबाजी में अनुभव की कमी नजर आ रही है। ऐसे में ये देखना महत्वपूर्ण होगा कि आज का मैच कौन टीम जीत पाती है। मुकेश कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

पटना सहित राज्य के विभिन्न भागों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, औरंगबाद, भागलपुर, रोहतास, किशनगंज और सीतामढ़ी सहित प्रदेश के तैंतीस जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

————————————————————————————————

प्रदेश में आज जितिया पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। कल नहाय–खाय के बाद आज महिलाएं संतान की लंबी उम्र, सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए निर्जला उपवास कर रही हैं। इस अवसर पर बाजारों में विशेष चहल–पहल है। मिठाईओं, फल और पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस शुभ अवसर पर राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

————————————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम में बिहार को पैंतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

02. सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा– वेव्स ओटीटी को भविष्य में देश के एक वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जायेगा।

03. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, औरंगबाद, भागलपुर, रोहतास, किशनगंज और सीतामढ़ी सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई।

04. और, एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में अब से थोड़ी देर बाद भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। आकाशवाणी से मैच का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

————————————————————————————————

समाप्त